हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, चन्हुदड़ो, लोथल और कालीबंगा की मुख्य विशेषताएं

भाग-2

डॉ विभूति भूषण
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

SNSRKS, कॉलेज सहरसा

हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख स्थलों की विशेषताएं

सिन्धु घाटी सभ्यता के 5 प्रमुख स्थलों में हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, चन्हुदड़ो, लोथल और कालीबंगा का नाम लिया जा सकता है| इन सभी स्थलों की मुख्य विशेषताओं के बारे में जानना रोचक होगा|

हड़प्पा की विशेषताएं

- यह आधुनिक पाकिस्तान के पंजाब राज्य में मांटगोयरी जिले में स्थित है. यह पुरास्थल रावी नदी के बायें तट पर स्थित है.
- इसके बारे में सर्वप्रथम जानकारी 1826 ई में चार्ल्स मैसेन ने दी.
- दयाराम शाहनी ने इसका व्यापक सर्वेक्षण किया और 1923 से यहाँ उत्खनन प्रारम्भ हो सका. 1926 में माधोस्वरूप वत्स ने तथा 1946 में मार्टिमर ने इसका व्यापक स्तर पर उत्खनन करवाया.
- यहाँ से प्राप्त दो टीलों में पूर्वी टीले को नगर टीला तथा पश्चिमी टीले को दुर्ग टीला के नाम से पहचाना गया है.
- यहाँ छः छः की पंक्ति में बनाये गए 12 कमरों वालें अन्नागार का अवशेष प्राप्त हुआ है. जिसका क्षेत्रफल लगभग 2745 वर्ग मीटर है.
- इसके सामान्य आवास क्षेत्र के दक्षिण में एक कब्रिस्तान मिला है.
- हड़प्पा किले के बाहर कर्मचारियों के आवास, दस्तकारी के मंच और अन्नागार, मजदूरों के लिए आवास प्राप्त हुए है.
- यहाँ से प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण अवशेष में बर्तन पर बना मछुआरे का चित्र, शंख का बना बैल, स्त्री के गर्भ से निकलता पौधा, पीतल की बनी इमका, ईंटों के वृत्ताकार चबूतरे, गेहूं तथा जौ के दाने प्रमुख है.